संख्या-10/2016/ 504जेड/6-सा-1-2016-55जी/90टीसी-6

प्रेषक,

डिम्पल वर्मा,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

2- समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग-1 लखनऊ: दिनांक: 04 अप्रैल, 2016

विषय:-आपातकालीन अवधि (दिनांक-25-06-1975 से 21-03-1977) में मीसा/डी0आई0आर0 में जेल में निरूद्ध प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों/लोकतन्त्र सेनानियों की स्वीकृत सम्मान राशि में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि देश में आपातकालीन अवधि (दिनांक-25-06-1975 से 21-03-1977) के दौरान मीसा/डी0आई0आर0 में निरूद्ध रहे प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों को शासनादेश संख्या-800जेड/6-सा-1-2012-55जी/90, दिनांक-14-09-2012 द्वारा दिनांक-01-04-2012 से रू0 3000/- (रू0 तीन हजार मात्र) मासिक सम्मान राशि दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। इसके पश्चात् शासनादेश संख्या-1143 जेड/6-सा-1-2014-55जी/90, दिनांक-18-07-2014 द्वारा मासिक सम्मान राशि रू0 3000/- से बढ़ाकर रू0 6000/- (रू0 छः हजार मात्र) तथा शासनादेश संख्या-1/2015/123जेड/6-सा-1-2015-55जी/90, दिनांक-01-04-2015 द्वारा मासिक सम्मान राशि रू0 6000/- से बढ़ाकर रू0 10,000/- (रू0 दस हजार मात्र) की गयी है।

2- सम्यक् विचारोपरान्त लोकतन्त्र सेनानियों/राजनैतिक बन्दियों की मासिक सम्मान राशि रू0 10,000/- से बढ़ाकर रू0 15,000/- (रू0 पन्द्रह हजार मात्र) किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों/लोकतन्त्र सेनानियों को रू0 15,000/- (रू0 पन्द्रह हजार मात्र) की मासिक सम्मान राशि का भुगतान देय होगा।

3- यह आदेश शासनादेश जारी होने की तिथि से लागू होंगे।

4- यह आदेश वित्त विभाग के अशा0सं0-ई-12-433/दस-2016, दिनांक-31-03-2016 के अन्तर्गत प्राप्त उनकी सहमति से निगर्त किये जा रहे हैं।

भवदीया,

(डिम्पल वर्मा)
प्रमुख सचिव।

संख्या:10/2016/504(1)जेड/6-सा-1-2016, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- प्रमुख सचिव, परिवहन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
3- प्रमुख सचिव, चिकित्सा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
4- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 राज्य सड़क परिवहन निगम, लखनऊ।
5- निदेशक/सचिव, उ0प्र0 स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद, लखनऊ।
6- समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
8- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
9- परिवहन अनुभाग-2/4
10-चिकित्सा अनुभाग-1/6
11-गोपन अनुभाग-1
12-गार्डबुक।

आज्ञा से,

(स्वामी नाथ पाण्डेय)
उप सचिव।

http://bhasanadesh.up.nic.in